# आधार कार्ड सरकार द्वारा प्राधिकृत केंद्रों पर ही बनवाऐं -एडीसी

**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**नाहन।** अतिरिक्त उपायुक्त सिरमौर आदित्य नेगी ने जानकारी दी है कि जिला के विभिन्न स्थानों पर खुले सी.एस.सी. केंद्रों में आधार कार्ड बनाने अथवा अपडेशन करने का कार्य गत 31 जुलाई से बंद हो चुका है इसके बावजूद भी जिला में कुछ सी.एस.सी. केंद्रों में आधार कार्ड को केंद्रीय सरकार के प्राधिकृत सॉफ्टवेयर पर अपडेट न करके आम तरीके से अपडेशन अथवा शुद्धिकरण का कार्य करके आम जनता को धोखा दिया जा रहा है जोकि उचित नहीं है। उन्होने कहा कि ऐसे सी.एस.सी. केंद्रों की पुख्ता शिकायत मिलने पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

श्री नेगी ने कहा कि वर्तमान में सिरमौर जिला में आधार कार्ड बनवाने अथवा अपडेशन करवाने के लिए तीन केंद्र उपायुक्त कार्यालय नाहन, जिला रेडक्रॉस सोसायटी नाहन और एसडीएम कार्यालय पांवटा में क्रियाशील है जहां पर लोग अपना नया आधार कार्ड अथवा अपडेट करवा सकते हैं।

अतिरिक्त उपायुक्त ने जिला के लोगों से अपील की है कि जिन लोगों ने अपने आधार कार्ड नही बनवाए है अथवा अपडेशन करवाने है ऐसे व्यक्ति सरकार द्वारा जिला में निर्धारित किए गए तीन केंद्रों पर ही करवाऐं।

# हिन्दुस्तान-तिब्बत सड़क को फिर किया बंद

**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**शिमला।** जिला किन्नौर में हिन्दुस्तान तिब्बत मार्ग को चौड़ा करने के कार्य के दौरान काशंग के पास पहाड़ की कटिंग की जा रही है। जानकारी के मुताबिक पहाड़ की कटिंग के लिए गत दिनों की गई ब्लास्टिंग के दौरान भारी मात्रा में चट्टानें और मलबा सड़क पर आ गया। इसके चलते इस सड़क पर आवाजाही फिर बाधित हो गई है। कटिंग का ये कार्य सीमा सड़क संगठन द्वारा किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सड़क पर आई चट्टानों और मलबों को हटाने के लिए बीआरओ की मशीनरी मौके पर लगा दी गई है और सड़क के देर रात या कल सुबह तक बहाल हो जाने की उम्मीद है। इस बीच दो दिन से बधाल के पास ट्राला फंस जाने से बंद हिन्दुस्तान-तिब्बत मार्ग पर आज सुबह यातायात के लिए बहाल कर दिया गया।

# जनमंच कार्यक्रम प्रदेश सरकार का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम-डॉ. बिंदल

## नाहन विस की नौ पंचायतों के लिए माजरा में 2 सिंतबर को अयोजित होगा जनमंच

**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**नाहन।** जनमंच कार्यक्रम प्रदेश सरकार का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिसका उददेश्य लोगों की समस्याओं का निराकरण घरद्वार पर करना है और आगामी दो सितंबर को नाहन निर्वाचन क्षेत्र की पांवटा विकास खण्ड के तहत आने वाली नौ पंचायतों के लोगों की सुविधा के लिए माजरा में जनमंच कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी विधानसभा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने बीते दिनों माजरा में पूर्व जनमंच गतिविधियों का जायजा लेने के उपरांत एक जनसभा को संबोधित करते हुए दी।



उन्होंने जनमंच के बारे विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि जनमंच कार्यक्रम के तीन पहलू है जिसमें पूर्व जनमंच, जनमंच और पोस्ट जनमंच अर्थात पूर्व जनमंच के तहत लोग अपनी समस्या बारे अपना आवेदन संबंधित पंचायत प्रधान अथवा पंचायत सचिव, पटवारी और संबंधित क्षेत्र के खण्ड विकास अधिकारी अथवा एसडीएम को दे सकते हैं। इसके अतिरिक्त ऑन लाईन प्रदेश सरकार के जनमंच पोर्टल पर भी अपने आवेदन किया जा सकता है।

डॉ. बिंदल ने कहा कि जनमंच कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश सरकार के केबिनेट स्तर के मंत्री द्वारा की जाती है और इस बार माजरा में शिक्षा मंत्री श्री सुरेश भारद्वाज जनमंच की अध्यक्षता करेंगें। उन्होंने कहा कि जनमंच के दौरान द्वारा संबधित व्यक्ति द्वारा दिए गए आवेदन पर मंत्री द्वारा सुनवाई की जाती है और संबधित विभाग के अधिकारी समस्या के समाधान के लिए अपना पक्ष रखते हैं। उन्होंने कहा कि पोस्ट जनमंच में लोगों की शिकायतों एवं समस्या का राज्य स्तर पर अवलोकन किया जाता है जिसमें लंबित पड़े मामलों पर विचार करके उन्हें हल करने का मार्ग प्रशस्त किया जाता है ।

डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि सबसे अहम यह बात है कि इस कार्यक्रम का अवलोकन एवं मूल्याकंन स्वयं मुख्यमंत्री श्री जयराम ठाकुर कर रहें है ताकि लोगों की समस्या का घरद्वार पर समाधान संभव हो सके। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को जनमंच कार्यक्रम के तहत आने वाले विभिन्न पहलुओं बारे जानकारी देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में कोई भी व्यक्ति अपनी पानी, बिजली, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा पैंशन इत्यादि के अभाव बारे अपनी शिकायत जनमंच में रख सकता है परन्तु किसी भी नई योजना इत्यादि की मांग इस कार्यक्रम में नहीं की जा सकती है।

उन्होंने कहा कि पूर्व जनमंच कार्यक्रम के तहत सभी अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि वह जनमंच के लिए चयनित नौ पंचायतों का दौरा करके अपने विभाग की योजनाओं का निरीक्षण करें और लोगों को जनमंच के बारे जानकारी दें। उन्होंने कहा कि पूर्व जनमंच कार्यक्रम में पेयजल व्यवस्था, वर्षा से हुए नुकसान का जायजा, मुख्यमंत्री गृहिणी सुविधा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, राशन कार्ड, आधार कार्ड, पशुधन की देखभाल एंव पशुओं का टीकाकरण इत्यादि कार्यक्रम पूर्वजनमंच गतितिविधियों के तहत किए जाएगें।

डॉ. बिंदल ने पंचायतों के पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वह लोगों को जनमंच बारे जानकारी दें और जिन लोगों की जो भी समस्याऐं हैं उस बारे पंचायत सचिव को आवेदन करने बारे प्रेरित किया जाए ताकि जनमंच का अधिक से अधिक लोग लाभ उठा सके। डॉ. बिंदल ने एसडीएम पांवटा को निर्देश दिए कि दो सिंतबर को मौसम विभाग द्वारा वर्षा के बारे किए गए पूर्वानुमान को मध्यनजर रखते हुए माजरा के वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के प्रांगण में उचित व्यवस्था की जाए ताकि लोगों को कोई परेशानी न हो ।

इस मौके पर उन्होने जनसमस्याओं को भी सुना और अधिकांश का निपटारा मौके पर किया गया । इस अवसर पर एसडीएम पांवटा एलआर वर्मा, खण्ड विकास अधिकारी नाहन अनुप शर्मा, अधीशासी अभियंता लोक निर्माण अजय शर्मा, अधीशासी अभियंता आईपीएच, ग्राम पंचायत प्रधान माजरा विजेश गोयल, पंचायत प्रधान कोलर अमर सिंह सहित नौ पंचायतों के जन प्रतिनिधि व विभिन्न विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# जीवंत और स्वस्थ समाज के लिए मीडिया की भूमिका महत्वपूर्णः मुख्यमंत्री

**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**शिमला।** संचार के वर्तमान युग में मीडिया की भूमिका कई गुणा बढ़ गई है और स्वस्थ व मजबूत लोकतंत्र के लिये इसके चतुर्थ स्तम्भ का मजबूत होना आवश्यक है। यह बात मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने गत दिवस देर सांय इलेक्ट्रॉनिक न्यूज चैनल 'खबरें अभी तक' द्वारा आयोजित राईजिंग हिमाचल कनक्लेव को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार का आठ महीनों का कार्यकाल उपलबधियों से भरा है। उन्होंने कहा कि उनकी सोच हिमाचल को समृद्ध व सुदृढ़ राज्य बनाने की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केन्द्र से 6310 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्राप्त करने में सफल रही है। उन्होंने कहा कि यह वर्तमान सरकार की सबसे बड़ी उपलबधि है जिससे राज्य सरकार के विकासात्मक प्रयासों को एक नई दिशा मिली है।

जय राम ठाकुर ने कहा कि पर्वतीय राज्य होने के कारण हिमाचल प्रदेश की अपनी विकासात्मक आकांक्षाएं हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिये एक दृढ़ इच्छाशक्ति और संकल्प की आवश्यकता है, जिसके लिए सरकार निश्चित लक्ष्यों को लेकर काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश को देश का एक पसंदीदा पर्यटन स्थल बनाने के लिये कृतसंकल्प है। इसके लिए सरकार ने एक कार्य योजना तैयार की है और अनछुए गंतव्यों के दोहन के प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 'नई राहें, नई मंजिलें' एक नई योजना भी शुरू की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने हैली टैक्सी के लिये सरकारी हैलीकॉप्टर प्रदान किया है जो शिमला से चण्डीगढ़ के बीच सप्ताह में तीन दिन उड़ान भर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सड़कों और पुलों के रखरखाव व निर्माण पर भी विशेष बल दे रही हे। उन्होंने कहा कि राज्य में सड़कों की मुरम्मत के लिए 200 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राज्य में रेल नेटवर्क के विस्तार पर कोई विशेष प्रयास नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बिलासपुर-बेरी-लेह रेल लाइन के निर्माण के लिए प्रयास कर रही है जो सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

जय राम ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश को देश का औद्योगिक हब बनाने के प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 में बाजपेयी सरकार द्वारा प्रदान किए गए विशेष औद्योगिक पैकेज से राज्य में औद्योगिक विकास को गति मिली। उन्होंने कहा कि अब सरकार सुनिश्चित बना रही है कि उद्यमियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाए ताकि उन्हें राज्य में निवेश के लिए आकर्षित किया जा सके।

# चौपाल में फिसलकर खाई में गिरी बाइक, 3 की मौत

**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**शिमला।** शिमला जिला के ऊपरी क्षेत्र चौपाल के क्यारी नाला के पास आज एक बाइक के 200 मीटर गहरी खाई में गिरने से 3 लोगों की मौत हुई। मृतकों में गोरवा गांव के राम लाल, उनकी पत्नी कृष्णा और इसी गांव निशा शामिल हैं। दुर्घटना के वक्त यह लोग सरांह से धवास की ओर जा रहे थे। जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना बाइक के कीचड़ भरी सड़क से फिसल जाने के कारण हुई। जिस स्थान पर दुर्घटना हुई वहां 50 मीटर के हिस्से में सड़क दलदल बन गयी थी। यहां पहले भी कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इसके बावजूद लोक निर्माण विभाग सड़क को ठीक करने की जहमत नहीं उठा रहा है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही चौपाल के एसडीएम और डीएसपी मौके पर पहुंचे तथा स्थानीय लोगों की मदत से शवों को दुर्घटना स्थल से निकाला तीनों शवों का पोस्टर्माटम कर उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया है। ग्राम पंचायत सरांह के उप प्रधान महेंद्र सिंह ने सरकार से इस सड़क की हालत तुरंत सुधारने की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि सड़क की हालत ठीक होती तो इस दुर्घटना से बचा जा सकता था।